# WINDS

## समिति के सदस्यों एवं कंपनी की उपस्थिति में दिनांक 17.01.2025 को निविदा पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण

**1- AWS/ARG की स्थापना एवं स्थल चयन के संबंध मे :–**

WINDS के अंतर्गत AWS राजस्व निरीक्षक मण्डल में और ARG ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किया जाना है। SKYMET WEATHER SERVICE PVT. LTD. द्वारा स्थापना एवं स्थल चयन के संबंध में जानकारी चाही गई है। इस संबंध में निविदा समिति द्वारा चर्चा की गई है सचिव महोदय की ओर से सभी कलेक्टरों को पत्र प्रेषित किया गया है। स्थल चयन प्रक्रियाधीन है।

AWS/ARG को सरकारी भूमि एवं समतल भूमि पर स्थापित किया जाना है किन्तु स्थल की अनुपलब्धता की स्थिति में केवल ARG को छत पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। WINDS मैनुअल की कंडिका 3.1.2 पृष्ट क्रमांक–26 के अनुसार जितनी ARG स्थापित होगी उनमें से 10 प्रतिशत में तापमान सेंसर लगाया जाना है। मौसम विज्ञान विभाग ने सुझाव दिया है कि ग्राम पंचायत/जिला स्तर में तापमान सेंसर का वितरण अच्छी तरह से किया जाना चाहिए। यदि ARG के साथ तापमान सेंसर छत पर है तो आवश्यक सुधार के साथ लागू किया जाए।

निविदा में चयनित कंपनी को स्थल उपलब्ध कराया जाएगा, कंपनी द्वारा उपकरण स्थापित कर डाटा WINDS Portal में प्रेषित किया जाएगा। जिसका भुगतान राज्य शासन द्वारा प्रति माह डाटा चार्ज के रूप में कंपनी को दिया जाएगा।

राज्य में जहां AWS/ARG स्थापित होगा साईट की देखरेख के लिए WINDS स्थानीय संरक्षक (WLG) के रूप में नामित किया जायेगा। WLG AWS/ARG की स्थापना,

कमिशनिंग, अशांकन, रखरखाव आदि के समय मौजूद रहेंगे। WLG का विवरण WINDS Portal पर अपलोड किया जायेगा और WLG द्वारा उपयुक्त गतिविधियों का OTP आधारित प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जायेगा। परन्तु OTP के पूर्व तद्‌विषय में विभाग को 03 दिवस के पूर्व लिखित में अवगत कराना अनिवार्य होगा। यंत्र की तोड़फोड़ की स्थिति में रखरखाव एजेंसी की जिम्मेदारी होगी। समिति के सभी सदस्यों द्वारा इस पर सहमति दी गई है।

AZISTA INDUSTRIES PVT. LTD. द्वारा स्थापना हेतु समय में वृद्धि का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में जानकारी दी गई है कि स्थल चयन की प्रक्रिया प्रगतिरत है, जो टेंडर document के पूर्व अंतिम कर लिया जायेगा तदोपरांत निर्धारित समयावधि में कार्य संपन्न करना होगा।

INGEN TECHNOGIES PVT LTD. द्वारा जनरल क्यूरी की गई थी। अभी साईट फाईनल नही हुई है परन्तु जहां भी लगेगा चारों तरफ से सुरक्षा घेरा लगाना अनिवार्य है। सभी साईट पर सुरक्षा घेरा लगाना होगा।

2- **बोली लगाने वाले फर्म का छ.ग. राज्य का पंजीयन होना अनिवार्य है –** निविदा पूर्व बैठक में निविदाकर्ता द्वारा जी.एस.टी. पंजीयन के संबंध में जानकारी चाही गई है समिति के सदस्यों द्वारा जी.एस.टी. पंजीयन के संबंध में भण्डार क्रय नियम 4.9 में दी गई निर्देशानुसार पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने की जानकारी दी गई है।

(ब) राज्य के जी.एस.टी. विभाग में निविदाकर्ता फर्म का पंजीयन होना चाहिए तथा उस पंजीयन प्रमाणपत्र में जिस सामग्री के लिए निविदा की गई है उसका स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए ताकि कर अपवचन का मामला नही बने।

(स) निविदाकर्ता की ओर से निविदा में भाग लेने हेतु अधिकृत प्रतिनिधि का राज्य के जी. एस.टी. विभाग में पंजीयन होना अनिवार्य है तथा पंजीयन प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न किया जावे।

3- **EMD BID सुरक्षा –**

निविदा पूर्व बैठक में निविदाकर्ता द्वारा EMD Bid सुरक्षा के संबंध में जानकारी चाही गई इस संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा निविदा की कंडिका 7.A के अनुसार EMD /बोली सुरक्षा जमा करानी होगी जो संचालक भू–अभिलेख, नवा रायपुर के पक्ष में किसी भी भारतीय वाणिज्यिक बैंक से खाता धारक डिमाण्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंकर्स चेक के रूप में हो, जो अंतिम निविदा वैधता अवधि से 45 दिनों की अवधि के लिए वैध हो तथा निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि और समय को या उससे पहले भौतिक रूप से वितरित किये जाने की जानकारी दी गई है।

प्रदेश के कुटीर एंव लघु उद्योग ईकाई जो उद्योग विभाग से पंजीकृत है साथ ही छ.ग. में स्थापित भारत सरकार से वैध स्टार्टअप जैसे कि औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–01 परिभाषा में अनुक्रमांक–54 पर परिभाषित है तथा निविदाकर्ता द्वारा निविदा जारी करने दिनांक को भारत सरकार की वेबसाईट पर वैध पाया गया है तथा सक्षमता प्रमाण पत्र प्राप्त है को उसका परीक्षण कर उन्हे शासकीय प्रक्रिया में भाग लेते समय अमानत राशि ईएमडी जमा करने से छूट दी जावें।

4- **MIRROR SERVER CONFIGURATION**

AZISTA INDUSTREIES PVT. LTD एवं SKYMET PVT. LTD. द्वारा मिरर सर्वर कांफ्रिग्रेशन चाहा गया है। इस संबंध में समिति द्वारा WINDS Manual के अनुसार जिस भी निविदाकर्ता को निविदा प्राप्त होगी उसके द्वारा ही Mirror Server और संबंधित उपकरण की स्थापना की जावेगी। विभाग द्वारा स्थल उपलब्ध कराया जायेगा।

**5- वित्तीय बोली**

निविदा पूर्व बैठक में सभी निविदाकर्ता द्वारा वित्तीय बोली के संबंध में अन्य राज्यों की तरह 02 क्लस्टर में रखने हेतु सुझाव दिया गया है, जिसे कार्य में प्रतिस्पर्धा होने के साथ–साथ कार्य में गुणवत्ता एवं समय पर कार्य पूर्ण हो सकेगा। इस संबंध में समिति द्वारा सुझाव को न मानकर छोटा राज्य होने से 01 क्लस्टर में रखने हेतु सुझाव दिया गया है।

**6- बिलिंग प्रक्रिया**—WINDS मैनुअल के अनुसार होगी। समस्त कार्यवाही WINDS के अनुरूप करने के संबंध में सभी निविदादाताओं को अवगत कराया गया ।

| | | |
|---|---|---|
| विनीत नंदनवार (IAS)<br>अध्यक्ष<br>संचालक भू-अभिलेख<br>इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर | भूपेन्द्र पाण्डे<br>सदस्य<br>अपर संचालक, उद्यानिकी<br>इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर | बी. के . मिश्रा<br>सदस्य<br>संयुक्त संचालक कृषि विभाग<br>इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर |
| डॉ जी. के. दास<br>सदस्य<br>विभागाध्यक्ष, मौ.<br>वि.वि.ई.गां.कृ.वि.वि | सुश्री समंती सरकार<br>सदस्य<br>प्रमुख मौसम केन्द्र<br>भारतीय मौ.वि.वि. रायपुर | उत्कर्ष रजक<br>सदस्य<br>लेखाधिकारी, भू-अभिलेख<br>इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर |